# भ्रमण आख्या– जनपद चित्रकूट, 19 अक्टूबर, 2022

भ्रमण टीम के सदस्य

1. श्री अताउर रब – उपमहाप्रबन्धक, कम्यूनिटी प्रोसेस
2. श्री एस.वी.पी.पंकज – उपमहाप्रबन्धक, एम0 एण्ड ई0
3. श्री विसम्भर दयाल – परामर्शदाता मातृ स्वास्थ्य
4. श्री अरुण कुमार श्रीवास्तव – कार्यक्रम समन्वयक, नियोजन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत मिशन निदेशक महोदया द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद चित्रकूट का दिनांक 19 से 22 अक्टूबर तक सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्या निम्नवत् है–

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पहाडी

1. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कैम्पस के अन्दर इकाई के प्रवेश द्वार पर दो पहिया वाहन खडे थे।
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर बनायी गयी वाटिका का रख रखाव बहुत ही सुन्दर तरीके से किया जा रहा है।
3. फार्मेसी के अन्तर्गत वर्तमान में 04 फार्मासिस्ट की तैनाती इकाई स्तर पर है, परन्तु किसी के द्वारा भी ई0डी0एल0 के सम्बन्ध में कोई जानकारी उपलब्ध नही करायी जा सकी।
4. औषधियों हेतु इन्डेंट इकाई के स्तर से मैनुएल रुप में किया जा रहा है।
5. फार्मेसी हेतु उपलब्ध कराये गये कम्प्यूटर सिस्टम को इकाई पर अन्य कार्य हेतु उपयोगित किया जा रहा है।
6. फार्मेसी के रिकार्ड अपूर्ण पाये गये।
7. मेडिसीन स्टाक से सम्बन्धित रिकार्ड का चिकित्साधिकारी के स्तर से वेरीफिकेशन नही किया गया था।
8. स्टोर में औषधियों को बिना किसी क्रम और सूची के रखी हुई थी।
9. इकाई पर किये जाने वाले समस्त लैब टेस्ट की सूची प्रदर्शित नही थी।
10. बायोमेडिकल से सम्बन्धित समस्त वेस्ट को एक ही डब्बे में एकत्रित किया जा रहा था।
11. इकाई स्तर पर बायोमेडिकल बेस्ट का निस्तारण सम्बन्धी प्रोटोकॉल को फालो नही किया जा रहा था।
12. विगत 03 माह से सी.बी.सी. रिजेण्ट इकाई पर उपलब्ध नही है।
13. लैब में उपयोग की जानी वाली समस्त सिरिंज को बिना हबकटर से कट किये हुये अन्य कचरे के साथ सीधे डस्टबिन में डाला जा रहा था।
14. ओ.पी.डी. रजिस्टर मे सिरियल नम्बर नही डाला जा रहा था।
15. ओ.पी.डी. रजिस्टर में लिखे हुये विवरण को पढा नही जा पा रहा था।
16. आर.बी.एस.के टीम के द्वारा रिकार्ड पूर्ण नही भरे जा रहे है, उम्र के कालम मे कक्षा का विवरण अंकित किया जा रहा था एवं अन्य कालम भी पूर्ण नही थे।
17. आर.बी.एस.के टीम के पास सभी उपकरण उपलब्ध नही थे।
18. रेफरल से सम्बन्धित रिकार्ड भी टीम के पास उपलब्ध नही थे।

19. टीम द्वारा उपयोग में लाये जा रहे वाहन के लागबुक पर टीम द्वारा आज हस्ताक्षर नही किये गये टीम के द्वारा अवगत कराया गया।
20. मांगे जाने पर लॉग बुक टीम एवं डाइवर के द्वारा उपलब्ध नही करायी जा सकी।
21. आशा शिकायत निवारण तंत्र को प्रदर्शित नही किया गया है।
22. एन.बी.एस.यू. के सामने शूज रैक एवं शू कवर/चप्पल उपलब्ध नही थी एवं स्टाफ के द्वारा एन.बी.एस.यू. कक्ष में बिना किसी प्रोटोकॉल को फालो किये आया जाया जा रहा था।
23. एन.बी.एस.यू. कक्ष में ए.सी. नही लगा था।
24. प्रथम तल के खूले क्षेत्र में डस्टबीन को रखा जाये जिससे तीमददारों द्वारा गन्दगी वस्तुओं के निस्तारण हेतु डस्टबीन का उपयोग किया जा सके। सम्भव हो तो पीने के पानी की व्यवस्था प्रथम तल पर भी करायी जाये जिससे मरीजों को पीने के पानी सुगमता पूर्वक उपलब्ध हो।
25. प्रथम तल की कुछ भाग की छत खराब हो गयी है इस हेतु जनपद/ब्लाक स्तर से आवश्यक कार्यवाही करते हुये इसको ठीक कराया जाना है।
26. प्रसव कक्ष में कार्य संतोष जनक पाया गया, परन्तु केसशीट पूर्ण नही भरी जा रही थी।
27. लेबर रजिस्टर, केसशीट एवं डाइट रजिस्टर में अकिम डाटा का आपस में मिलान नही हो रहा था।
28. डिसार्च दिनांक एवं समय का उल्लेख रिकार्ड में नही किया जा रहा था।
29. लेबर रुम में 07 ट्रे, एल्बो टैब, डस्ट बिन एवं प्रोटोकाल पोस्ट मानकानुसार नही पाये गये।
30. एम.डी.आर. का रिव्यू समय से नही किया जा रहा है। कुल 4 मे से 03 का रिव्यू किया गया है परन्तु 01 का अभी तक लम्बित है।
31. के.एम.सी. चेयर उपलब्ध नही है।
32. इकाई पर आई.ई.सी. पर्याप्त मात्रा में प्रदर्शित नही की गयी है।

**<u>नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – चित्रकूट</u>**

1. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरकारी भवन में संचालित किया जा रहा है।
2. नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित पाये गये।
3. लैब में की जाने वाली समस्त जॉचों को प्रदर्शित किया जाये।
4. शौचालय में लगी वाश वेसिन का उपयोग नाली चोक होने के कारण नही किया जा रहा है। अतः इसको हटाया जाना उचित होगा।
5. वर्तमान में संचालित वाश वेसिन के नीचे गढ्ढा है अतः यहां प्लेटफार्म बनाया जाना उचित है।
6. कोविड वैक्सीनेशन के दौरान उपयोग में लायी जा रही सिरिंज को कट नही किया जा रहा था।
7. विटामीन ए, माला एन, निश्चय कीट माह अक्टूबर, 2022 में कालातीत होने वाली पायी गयी और इनकी संख्या विगत समय में उपयोग में लायी गयी संख्या से काफी अधिक थी।
8. रेफरल स्लीप पूर्ण रुप से नही भरी जा रही थी।
9. पीपीआईयूसीडी फालोअप कार्ड को क्रमवार एवं पूर्ण रुप से भरा जाय।
10. अग्निशमन यन्त्र लेबर रुम में रखा हुआ पाया गया इसको कमरे के बाहर उचित स्थान पर लगाया जाना उचित है।
11. औषधि रजिस्टर में इन्डेक्स नही भरा गया है।
12. इकाई पर ई0डी0एल0 की समस्त औषधियों की सूची प्रदर्शित नही थी।

**हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उपस्वास्थ्य केन्द्र –हन्ना**

1. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर कैम्पस के सब सेन्टर में कमरे के दरवाजे टूटे हुये थे और अन्दर बेड और अन्य सामान पडा हुआ था।
2. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर कैम्पस में घास लगी हुई है एवं पानी का जमाव है।
3. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर में साफ सफाई की व्यवस्था ठीक नही थी।
4. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर रनिंग वाटर की व्यवस्था नही है।
5. वेलनेस सेन्टर पर परदों की उपलब्धता नही थी।
6. कोई भी रिकार्ड पूर्ण नही पाया गया। जैसे – ओ.पी.डी., स्टाक रजिस्टर, रेफरल, लैब टेस्ट इत्यादि।
7. सी.एच.ओ. के द्वारा हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर प्रदान की जाने वाली सेवाओं की विषय में जानकारी का अभाव पाया गया।
8. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर औषधियां एवं टेस्टिंग कीट कालातीत पायी गयी।
9. लैब कार्नर व्यवस्थित नही था।
10. सी.बैक फार्म जमीन पर रखे हुये पाये गये।
11. एग्जामिनेशन टेबल पर अन्य सामान पडा हुआ था और काफी गन्दी स्थिति में था।
12. उपरोक्त तथ्यों एवं हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की तत्कालीन स्थिति से प्रतीत हो रहा था कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर नियमित रुप से नही खुलता है और सी.एच.ओ. के द्वारा कार्य में रुचि नही ली जा रही है।

**वी.एच.एन.डी. सत्र उपकेन्द्र–चन्दहा, ब्लाक रामनगर**

1. प्राथमिक विद्यालय पर ए.एन.एम. पदमिनी अहिरवार के द्वारा वी.एच.एन.डी. का आयोजन किया जा रहा था।
2. ए.एन.एम. के द्वारा ड्यू लिस्ट बनायी गयी थी।
3. ड्यू लिस्ट के अनुसार भ्रमण के समय मात्र 03 टीके लगे हुये थे।
4. ए.एन.एम. को एच.आर.पी. के विषय में पूर्ण जानकारी का अभाव पाया गया एवं रिकार्ड पूर्ण नही था।
5. ए.एन.एम. के द्वारा ई–कवच पोर्टल का उपयोग किया जा रहा था।
6. ए.एन.एम. के द्वारा काउन्टर फाइल नही बनायी जा रही थी।
7. ए.एन.एम. के द्वारा ए.एन.सी. के दौरान गर्भवती महिलाओं की समस्त जॉचे नही की जा रही थी।
8. ए.एन.एम. के पास हिमोग्लोबिनो मीटर की स्ट्रीप उपलब्ध नही थी।
9. आशा को मातृ मृत्यु की सूचना की पूर्ण रुप से जानकारी नही थी।

**हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उपस्वास्थ्य केन्द्र –बॉधी**

1. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर साफ सफाई, पेयजल एवं प्रकाश की व्यवस्था उचित पायी गयी।
2. सी.एच.ओ. को अपने कार्य के विषय में जानकारी थी एवं उसका निवर्हन भी किया जा रहा था।
3. सी.एच.ओ. के द्वारा वेलनेस एक्टिविटी की जा रही थी।
4. सी.एच.ओ. अपने क्षेत्र के लाभार्थियों के विषय में जानकारी थी।
5. सी.एच.ओ. के द्वारा एन.सी.डी. स्क्रीनी की जा रही थी एवं उसे पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा था।

6. सी.एच.ओ. द्वारा ई–संजीवनी टेलीकन्सल्टेंशन के माध्यम से लाभार्थियों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जा रही थी।
7. सी.एच.ओ. द्वारा जन आरोग्य समिति के माध्यम से हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर उपलब्ध धनराशि का उपयोग करते हुये स्वास्थ्य इकाई को सुदृढीकरण कराया गया है।
8. स्टाक रजिस्टर पूर्ण नही था, जिसके विषय में पूर्ण किये जाने हेतु विस्तृत चर्चा कर बताया गया।
9. आशा को कार्यक्रमों के विषय में जानकारी का अभाव पाया गया।

**हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर उपस्वास्थ्य केन्द्र –रामनगर** – यह स्वास्थ्य इकाई सी.एच.सी. कैम्पस से लगी हुई है और यहां सी.एच.ओ. की तैनाती की गयी है। सी.एच.सी. बगल में होने के कारण यहां हेल्थ एण्ड वेलनेस औचित्य पूर्ण नही है।

मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय की अध्यक्षता में प्रतिदिन आयोजित सांयकालीन बैठक में समस्त राज्य स्तरीय टीमों के द्वारा प्राप्त आख्या से अवगत कराया गया एवं मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही करने हेतु समस्त जनपदीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।